Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-02-2006

Participants : Rawat Prof. Rasa Singh

>

Title : Need to ensure that adequate quantity of ration is supplied to the people living in Below Poverty Line in the region.

प्रो0 रासा सिंह रावत (अजमेर) : महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र अजमेर के अंर्तगत नसीराबाद नामक एक सुप्रसिद्ध सैनिक छावनी है, जिसकी देखरेख छावनी मंडल द्वारा की जाती है। छावनी बोर्ड के कई वर्ो से चुनाव नहीं हुए हैं। परिणामस्वरूप वहां पर निवास करने वाली नागरिक आबादी की कठिनाइयों की कोई सुनवायी नहीं हो पा रही है। यहां तक कि भारत सरकार तथा राजस्थान सरकार द्वारा गरीबी की रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले लोगों को जो सुविधायें उपलब्ध होती हैं, उनसे भी उन्हें वंचित कर दिया गया है। 2003 में गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों का सर्वेक्षण सभी नगरों एवं गांवों में स्थानीय निकायों द्वारा किया गया परन्तु छावनी बोर्ड क्षेत्र में सर्वेक्षण भी नहीं किया गया तथा गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को सार्वजनिक वितरण व्यवस्था से जो सस्ता अनाज, चीनी, मिट्टी तेल आदि जो सुविधा मिलती थी उनसे भी वंचित कर दिया गया। विगत 2-3 सालों में नसीराबाद की नागरिक आबादी के गरीब इन सुविधाओं से सर्वथा वंचित हैं।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि छावनी बोर्ड के शीघ्र चुनाव कराये जायें तथा तब तक बोर्ड द्वारा सर्वेक्षण करवा कर बी0पी0एल0 तथा ए0पी0एल परिवारों का चयन किया जाये और राज्य सरकारों को निर्देश दिये जायें कि छावनी क्षेत्र में रहने वाले गरीब नागरिकों को मिलने वाली राशन तथा अन्य सुविधाओं से वंचित नहीं करें और उन्हें पूर्ववत सब सुविधायें उपलब्ध हो सकें।